an>

Title: Regarding need to set up North Maharashtra Development Board for overall development of the region.

*m01

श्री ए.टी.नाना पाटील (जलगाँव) : महाराÂट्र के खानदेश, उत्तर महाराÂट्र क्षेत्र अभी तक विकास से कोसो दूर है। आजादी के 65 वÂािर्ों बाद भी यह क्षेत्र विकास से अछूता है। पिछली सरकारों ने इस क्षेत्र के विकास के लिए जितना ध्यान देना चाहिए था, उतना ध्यान नहीं दिया जिससे यह क्षेत्र कृÂिा, उद्योग, पेयजल, शिक्षा, रोजगार एवं आधारभूत संरचना में काफी पिछड़ गया है। सिंचाई एवं पेयजल यहां की प्रमुख समस्याएं हैं। इस क्षेत्र की मुख्य फसल केला और कपास हैं। इसके बावजूद केला आधारित प्रसंस्करण उद्योग का नितान्त अभाव है। उत्तर महाराÂट्र स्थित जलगांव क्षेत्र में केले के साथ-साथ संतरा, आम, नीबू, अंगूर के उत्पादन को देखते हुए यहाँ पर एक "मेगा फूड पार्क" लगाने की संभावना है। साथ ही कपास उद्योग को बढ़ावा देने के लिए यहाँ "टेक्सटाइल पार्क" बनाया जाए।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि इस क्षेत्र के संपूर्ण विकास के लिए "उत्तर महाराÂट्र विकास बोर्ड " की स्थापना जल्द से जल्द की जाए।